## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे देश को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू; दूरदर्शन और आकाशवाणी पर होगा सीधा प्रसारण।**

2. **रांची में 21वें दिन भी छात्रों का आंदोलन जारी; अस्पताल से वीडियो संदेश जारी कर छात्र नेता देवेंद्र महतो ने एकजुटता की अपील की।**

3. **स्वतंत्रता दिवस पर देश के एक हजार 57 सुरक्षाकर्मी होंगे सम्मानित; झारखंड के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा को मिलेगा राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक।**

4. **केंद्रीय मंत्रियों अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से की जुड़ने की अपील; अब तक 3 करोड़ से अधिक लोगों ने अपलोड की सेल्फी।**
5. **नेपाल से बासुकीनाथ–राजगीर जा रही कांवरियों से भरी बस कोडरमा में खड़े ट्रेलर से टकराई; तीन श्रद्धालुओं की मौत, कई गंभीर रूप से घायल।**

*************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का यह संबोधन आज शाम सात बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी राष्ट्रीय चौनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। इस विशेष प्रसारण के कारण आकाशवाणी रांची से शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज अपने निर्धारित समय से पहले, यानी शाम पौने सात बजे प्रसारित किया जाएगा।

*************************

राजधानी रांची में सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन 21वें दिन भी जारी है। इस बीच, अस्वस्थ छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने अस्पताल से एक वीडियो संदेश भेजकर छात्रों से एकजुट रहने की अपील की है।

*************************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के एक हजार 57 सुरक्षाकर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की है। इस वर्ष देश के तीन सौ एक जवानों को वीरता पदक, 92 को राष्ट्रपति पदक और छह सौ 64 को सराहनीय सेवा पदक दिया जाएगा। झारखंड के लिए गौरव की बात है कि पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा को उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक प्रदान जायेगा। इसके अलावा, राज्य के आठ अन्य जवानों को भी सराहनीय सेवा पदक मिलेगा।

*************************

एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से एक्सएलआरआई में एससी–एसटी उद्यमियों के लिए एक विशेष बिजनेस कोर्स शुरू किया जा रहा है। एक्सएलआरआई प्रोफेसर अरिंदम मंडल ने बताया कि इस कार्यक्रम की एक लाख दस हजार रुपये की पूरी फीस केंद्रीय मंत्रालय वहन करेगा, जिससे यह पात्र उद्यमियों के लिए पूरी तरह निशुल्क होगा।

*************************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश के बावजूद इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि तिरंगा यात्रा देश की आन–बान–शान का प्रतीक है।

*************************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अब तक तीन करोड़ से अधिक देशवासी तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड कर चुके हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी नागरिकों से नौ से सत्रह अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराकर गौरव प्रकट करने का आग्रह किया है।

*************************

देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में राजकीय श्रावणी मेले के सोलहवें दिन आज शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आज तड़के सवा चार बजे मंदिर के गर्भगृह के पट खुलते ही कांवरियों द्वारा जलार्पण का सिलसिला शुरू हो गया। इस बीच उपायुक्त सौरभ कुमार भवानी ने बताया कि पिछले 15 दिनों में 28 लाख से अधिक कांवरियों ने जलाभिषेक किया है और मंदिर को साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक की दान राशि मिली है।

*************************

कोडरमा जिले के सतगांवां थाना क्षेत्र में आज तड़के एक भीषण सड़क हादसे में तीन कांवरियों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नेपाल के रौहट जिले से आई श्रद्धालुओं से भरी यह बस बासुकीनाथ से राजगीर जा रही थी, तभी देवघर–नवादा मुख्य मार्ग पर पोखरडीहा मोड़ के निकट यह सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई। बस में करीब 45 कांवरिया सवार थे।

*************************

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर देश वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को याद कर रहा है।

*************************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक आज सुबह के सत्र में लगभग आधा प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे थे। ताजा समाचार मिलने तक संसेक्स 326 अंक गिरकर 77 हजार 754 पर और निफ्टी 73 अंक गिरकर 24 हजार 323 पर आ गया।

*************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 43 हजार रूपये प्रति किलो है।

*************************

रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने आज राज्य के छह पश्चिमी जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला में मूसलाधार बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है। वहीं रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी और बोकारो जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*************************

पाकुड़ में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से आज दस किलोमीटर की क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की गई। सिद्धो कान्हू मुर्मू पार्क से सोनजोड़ी तक आयोजित इस दौड़ को उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सिलवंती सोरेन और बालक वर्ग में सुनील टुडू ने पहला स्थान प्राप्त किया।

*************************